बिहार सरकार
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग,
(युवा कार्य एवं खेल निदेशालय)

**अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं और खेल प्रशिक्षक को पुरस्कार देने हेतु बिहार राज्य खेल पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान करने की योजना।**

## अधिसूचना

पटना, दिनांक 17.2./2023

संख्या–3/खेल.1–09/2022...201.../ राज्य के खिलाड़ियों द्वारा आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त कर देश एवं राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों के साथ–साथ इन्हें प्रशिक्षित करने वाले प्रशिक्षकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा खेल सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है।

राज्य के वैसे उत्कृष्ट सामान्य एवं दिव्यांग खिलाड़ी जिन्होंने आधिकारिक अन्तर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय खेलों में विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार उपलब्धि प्राप्त किया हो, वैसे सामान्य खिलाडियों/प्रशिक्षकों को **""राष्ट्रीय खेल दिवस""** प्रतिवर्ष **29 अगस्त** के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।

उपरोक्त दोनों वर्गो के खिलाडियों/प्रशिक्षकों को विभागीय प्रावधान के तहत प्रतिवर्ष राज्य सरकार द्वारा इस योजना हेतु राशि उपबंधित किया जाता है।

खेल सम्मान योजना के तहत इंटरनेशलन ओलम्पिक कमिटी (IOC) द्वारा चिन्हित खेलों के अन्तर्गत भारत में संचालित राष्ट्रीय खेल महासंघों/अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय स्पोर्टस बोर्ड/स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया/युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार/भारतीय खेल प्राधिकरण/ पैरालम्पिक कमिटी ऑफ इंडिया (शारीरिक विकलांग एवं नेत्रहीन)/स्पेशल ओलम्पिक (मंदबुद्धि, स्वःपरायणता, बहु विकलांग एवं मानसिक पक्षाघात) /ऑल इंडिया स्पोर्टस एसोसियेशन ऑफ डेफ एण्ड डम्ब (मूक एवं बधिर) संगठनों द्वारा आयोजित आधिकारिक खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों अथवा इन संगठनों के माध्यम से आधिकारिक अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व अथवा पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा।

असैनिक/सैनिक/पुलिस एवं अन्य सेवाओं द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/ अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता में उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के अतिरिक्त किसी भी स्तर के वेटरन खेल प्रतियोगिता में उपलब्धि प्राप्त वेटरन खिलाडियों/वेटरन खेल के प्रशिक्षकों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसके अतिरिक्त आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं को छोड़ कर अन्य गैर आधिकारिक/आमंत्रण खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाड़ी/दल को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**उद्देश्य :–**

सरकार द्वारा खेल सम्मान योजना संचालित किये जाने का मुख्य उदेश्य राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने आधिकारिक अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/अखिल भारतीय खेलों में उपलब्धि प्राप्त कर देश अथवा राज्य को गौरान्वित किया हो तथा वैसे प्रशिक्षक जिनके द्वारा लंबी अवधि में प्रशिक्षित खिलाड़ी ने उक्त खेलों के आधिकारिक प्रतियोगिताओं में उपलब्धि प्राप्त किया हो, इनके द्वारा भविष्य में उच्च स्तरीय प्रदर्शन एवं उपलब्धि प्राप्त किये जाने हेतु उत्साहबर्द्धन के साथ ही राज्य के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा मेहनत कर उच्च स्तरीय प्रदर्शन किये जाने हेतु प्रेरित किया जाना है। ताकि खेल जगत में राष्ट्र एवं बिहार राज्य गौरान्वित हो सके।

2. पात्र खेल विधायें:–

राज्य में प्रचलित/चिन्हित खेलों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाडियों के मनोबल को ऊँचा करने एवं सम्मानजनक राशि प्रदान किए जाने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक कमिटी (IOC) एवं इसके अधीन संबद्धता प्राप्त अन्तर्राष्टीय खेल महासंघ (ISF) के द्वारा आयोजित संबंधित खेलों का विश्व चैम्पियनशिप/एशिया चैम्पियनशिप, ओलम्पिक कौंसिल ऑफ एशिया (OCA), कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (CGF), एफ्रो एशियन गेम्स (AAG), साउथ एशियन गेम्स (SAF Games), इंडियन ओलम्पिक एसोसियेशन (IOA), एसोसियेशन ऑफ इंडियन युनिवर्सिटी (AIU), पैरालम्पिक कमिटी ऑफ इंडिया (PCI)/स्पेशल ओलम्पिक (SO)/स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) अथवा वैसे खेल जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (खेल विभाग), भारत सरकार (MYAS) अथवा स्पोर्टस ऑथरिटी ऑफ इंडिया (SAI) द्वारा आयोजित आधिकारिक अन्तर्राष्टीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता/पदक प्राप्त किया हो वैसे खिलाडियों को सम्मानित किये जायेंगे।

राज्य में प्रचलित एवं लोकप्रिय चिन्हित खेलों की सूची :–

| क्र0 | ओलम्पिक खेल (ग्रूप "A") | | | क्र0 | गैर ओलम्पिक खेल, राज्य में प्रचलित एवं लोकप्रिय खेल (ग्रूप "B") |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एथलेटिक्स | 18 | तलवारबाजी | 01 | वुशू |
| 02 | बैडमिंटन | 19 | रग्बी | 02 | कराटे |
| 03 | बॉक्सिंग | 20 | साईक्लिंग | 03 | क्रिकेट |
| 04 | बास्केटबॉल | 21 | गोल्फ | 04 | शतरंज |
| 05 | फुटबॉल | 22 | निशानेबाजी | 05 | खो–खो |
| 06 | तीरंदाजी | 23 | रोईंग | 06 | कबड्डी |
| 07 | हॉकी | | | 07 | योग |
| 08 | ताईक्वाण्डो | | | 08 | बॉल बैडमिंटन |
| 09 | वॉलीबॉल | | | 09 | स्क्वैश |
| 10 | भारोत्तोलन | | | 10 | सेपक टाकरा |
| 11 | कुश्ती | | | 11 | लॉन बॉल |
| 12 | जूडो | | | 12 | कैरम |
| 13 | हैण्डबॉल | | | 13 | पावर लिफ्टिंग |
| 14 | तैराकी | | | 14 | नेट बॉल |
| 15 | टेबल टेनिस | | | 15 | सॉफ्ट टेनिस |
| 16 | लॉन टेनिस | | | 16 | पेंचक सिलाट |
| 17 | क्याकिंग एवं केनोइंग | | | | |

3. राज्य खेल पुरस्कार तथा पुरस्कार राशि (अंतर्राष्ट्रीय स्तर)

राज्य अंतर्राष्ट्रीय खेल पुरस्कार को निम्नवत् वर्गीकृत किया गया है और इसे उपलिब्धयों के स्तर और प्रतिष्ठा से जोड़ा गया है :–

(I) व्यक्तिगत प्रतियोगिता :– ऐसी प्रतियोगिताएँ जिनमें प्रतिस्पर्द्धा व्यक्तियों के बीच होती है। इसके लिए खेल पुरस्कार निम्न तालिका के अनुरूप दिया जायेगा :–

(क) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार तथा पुरस्कार राशि :– (सामान्य)

| प्रतियोगिता का नाम | स्वर्ण पदक/ प्रथम स्थान | रजत पदक/ द्वितीय स्थान | कास्य पदक/ तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. ओलम्पिक गेम्स | 2.0 करोड़ | 1.5 करोड़ | 1.0 करोड़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. आधिकारिक विश्व चैम्पियनशिप / कप | 1.5 करोड़ | 1.0 करोड़ | 75 लाख |
| 3. एशियन गेम्स | 1.0 करोड़ | 75 लाख | 50 लाख |
| 4. आधिकारिक एशियन चैम्पियनशिप | 75 लाख | 50 लाख | 30 लाख |
| 5. राष्ट्रमंडल गेम्स | 50 लाख | 30 लाख | 20 लाख |
| 6. एफ्रो एशियन गेम्स | 40 लाख | 30 लाख | 20 लाख |
| 7. आधिकारिक राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप | 30 लाख | 20 लाख | 15 लाख |
| 8. यूथ एशियन गेम्स एवं वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स / चैम्पियनशिप | 25 लाख | 20 लाख | 15 लाख |
| 9. साउथ एशियन गेम्स | 20 लाख | 15 लाख | 10 लाख |

**(ख) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार तथा पुरस्कार राशि :– (दिव्यांग)**

| प्रतियोगिता का नाम (मानसिक / शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए) | स्वर्ण पदक / प्रथम स्थान | रजत पदक / द्वितीय स्थान | कास्य पदक / तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. पैरालम्पिक गेम्स | 1.0 करोड़ | 75 लाख | 50 लाख |
| 2. विश्व पारा चैम्पियनशिप / कप | 75 लाख | 50 लाख | 30 लाख |
| 3. पैरा एशियन गेम्स | 50 लाख | 30 लाख | 20 लाख |
| 4 राष्ट्रमंडल गेम्स (दिव्यांग खिलाडी) | 30 लाख | 20 लाख | 15 लाख |
| 5. पैरा राष्ट्रमंडल प्रतियोगिता / एशियन चैम्पियनशिप (सिनीयर) | 20 लाख | 15 लाख | 10 लाख |
| 6.दृष्टि बाधित खेल / डेफ ओलम्पिक / स्पेशल ओलम्पिक अंतराष्ट्रीय खेल / मंदबुद्धि खिलाडी हेतु अंतराष्ट्रीय खेल। | 15 लाख | 10 लाख | 05 लाख |

**(ग) बिलियर्ड एवं स्नूकर खेल :–**

सिर्फ व्यक्तिगत एमेच्योर खेल प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन हेतु निम्न प्रकार से पुरस्कारों के पात्र होंगे:–

| चैम्पियनशिप | विजेता | उपविजेता | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|
| विश्व एमेच्योर चैम्पियनशिप | 1.0 करोड़ | 75 लाख | 50 लाख |
| एमेच्योर एशियाई / राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप | 75 लाख | 50 लाख | 30 लाख |

**(घ) क्रिकेट (अंतर्राष्ट्रीय) टीम प्रतियोगिता :–**

| चैम्पियनशिप | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| वर्ल्ड कप क्रिकेट / ज.20 क्रिकेट वर्ल्ड कप | 1.5 करोड़ | 1.0 करोड़ |
| चैम्पियन्स ट्रॉफी | 1.0 करोड़ | 75 लाख |

**4. राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार:–**

| प्रतियोगिता | वर्ग | स्वर्ण प्रथम(रू0) | रजत द्वितीय (रू0) | कांस्य तृतीय (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| (क) राष्ट्रीय खेल | | 4,00,000 / – | 3,00,000 / – | 2,00,000 / – |
| (ख) राष्ट्रीय चैम्पियनशिप | सिनीयर | 2,00,000 / – | 1,50,000 / – | 1,00,000 / – |
| | जूनियर | 1,50,000 / – | 1,00,000 / – | 60,000 / – |
| | सब जूनियर | 1,00,000 / – | 70,000 / – | 50,000 / – |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (ग) राष्ट्रीय स्कूली खेल/ खेलो इंडिया | सिनीयर वर्ग | 1,00,000/— | 70,000/— | 50,000/— |
| | जूनियर वर्ग | 80,000/— | 60,000/— | 40,000/— |
| | सब जूनियर | 60,000/— | 40,000/— | 30,000/— |
| (घ) अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप | | 1,50,000/— | 1,00,000/— | 60,000/— |
| (ड) राष्ट्रीय स्पेशल ऑलिम्पिक /राष्ट्रीय पैरालम्पिक खेल /राष्ट्रीय मूक–बधिर/मन्द बुद्धि (दिव्यांग) खेल | सिनीयर | 2,00,000/— | 1,50,000/— | 1,00000/— |
| | जूनियर | 1,50,000/— | 1,00,000/— | 60,000/— |
| | सब जूनियर | 1,00,000/— | 70,000/— | 50,000/— |

(III) **टीम प्रतियोगिताएँ :—** ये ऐसी प्रतियोगिताएँ हैं, जिनमें प्रतियोगिता टीमों के बीच होती है। प्रत्येक टीम में एक से अधिक सदस्य होते हैं। इन्हें खेल पुरस्कार के रूप में निम्नवत् राशि प्रदान किये जायेंगे :—

| टीम सदस्यों की संख्या | संबंधित प्रतियोगिता और पदक के लिए उपर उल्लिखित व्यक्तिगत खेल पुरस्कार राशि का उतना ही गुणा |
|---|---|
| (1) 02 सदस्यों की टीम | 1–1/2 गुणा |
| (2) 03 अथवा 04 सदस्यों की टीम | 2 गुणा |
| (3) 05 से 10 सदस्यों की टीम | 3 गुणा |
| (4) 10 से अधिक सदस्यों की टीम | 5 गुणा |

**नोटः— 1. खिलाडियों को सम्मानित करने हेतु न्यूनतम ₹20,000/—(बीस हजार रूपये) मात्र पुरस्कार राशि अवश्य प्रदान किये जायेंगे।**

**2. उपर्युक्त रूप से निर्धारित पुरस्कार राशि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार रिजर्व खिलाड़ियों सहित टीम के सभी सदस्यों में बराबर बांटी जायेगी।**

**3. मान्यता प्राप्त आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का मात्र प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों (जो कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं कर सके) को राष्ट्रीय स्तर के विजेता के बराबर पुरस्कार राशि देय होगा। इसका निर्णय पुरस्कार हेतु गठित समिति द्वारा किया जायेगा।**

5. पुरस्कार हेतु खिलाड़ियों की पात्रता निम्नवत् है :—

(क) खिलाड़ियों को अधिकारिक प्रतियोगिता में प्राप्त उपलब्धि के आधार पर पुस्कृत किया जायेगा।

(ख) पुरस्कार उन्हीं खिलाड़ियों को प्राप्त होंगे, जो बिहार के निवासी हों या बिहार की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व किया हो।

(ग) वैसे खिलाड़ी जो बिहार के निवासी हो तथा अधिकारिक अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया हो।

## 6. राज्य विशेष खेल पुरस्कार :–

### (क). खेल प्रशिक्षक प्रोत्साहन पुरस्कार :–

प्रशिक्षकों की पात्रता एन0आई0एस0 डिप्लोमाधारी प्रशिक्षक/अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त/प्रतिनिधित्व करने वाले वरीय खिलाड़ी।

इस योजना के अंतर्गत के वैसे प्रशिक्षक, जिन्होंने पदक विजेताओं को प्रशिक्षित किया है वे भी नकद पुरस्कार के पात्र होंगे। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से **₹** 2,00,000/– (दो लाख रूपये) पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

### (ख). राज्य श्रेष्ठ खेल सम्मान :–

निर्धारित जिस अवधि के आधार पर खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, उसी अवधि में खेल के पुरस्कारों में से सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि वाले एक या अधिक (सरकार/समिति द्वारा निर्धारित) खिलाड़ी को "राज्य श्रेष्ठ खेल सम्मान" हेतु चयन किया जायेगा। जिसे अतिरिक्त **₹** 4,00,000/– (चार लाख रूपये) एवं प्रशस्ति पत्र, ब्लेजर सूट, टाई/स्कार्फ, शर्ट प्रदान किया जायेगा।

### (ग). वरीय खेल प्रशिक्षकों के लिए "राज्य विशिष्ट खेल प्रशिक्षक सेवा सम्मान"

वैसे वरीय खेल प्रशिक्षक जिनके खिलाड़ी लम्बी अवधि से प्रशिक्षण प्राप्त किया हो और उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल किया हो को इस सम्मान से जीवन में एक बार सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से **₹** 4,00,000/– (चार लाख रूपये), एक प्रशस्ति पत्र, ब्लेजर सूट, टाई/स्कार्फ, शर्ट प्रदान किया जायेगा।

## 7. प्रक्रिया :–

**(क).** कोई भी अधिकारिक प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने पर स्वयं खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक/राज्य संघ/ संबंधित विश्वविद्यालय के डीन/कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के जिला स्तरीय विभागीय खेल पदाधिकारी/अन्य प्रभारी सरकारी पदाधिकारी द्वारा आवेदन प्रपत्र में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को उपलब्ध करायेगी।

**(ख).** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण राज्य खेल संघ/अन्य माध्यमों से सत्यापन करेगा।

### (ग). खेल सम्मान समिति :–

उपरोक्त पुरस्कार/एवार्ड हेतु निम्नांकित पदाधिकारियों/सदस्यों की गठित समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना | :– | अध्यक्ष |
| 2. | निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण–सह–संयुक्त सचिव | :– | उपाध्यक्ष |
| 3. | निदेशक, सह सचिव, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण | :– | सदस्य सचिव |
| 4. | बिहार ऑलम्पिक संघ के अध्यक्ष/सचिव | :– | सदस्य |
| 5. | एक वरीय राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरूष खिलाड़ी | :– | सदस्य |
| 6. | एक वरीय राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी | :– | सदस्य |
| 7. | एक वरीय राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी | :– | सदस्य |
| 8. | उप निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण, निदेशालय | :– | सदस्य |
| 9. | एक वरीय खेल प्रशिक्षक विभाग द्वारा मनोनीत | :– | सदस्य |

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा उक्त खेल सम्मान समिति की मासिक बैठक की जायेगी। यदि किन्ही खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों द्वारा पदक प्राप्त किया जाता है एवं संबंधित द्वारा आवेदन प्राप्त होने के उपरांत खेल सम्मान समिति द्वारा तत्काल बैठक कराकर अथवा मासिक बैठक में निर्णय लिया जायेगा।

**(घ).** यथा संभव अधिकारिक खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने के उपरान्त तुरंत पुरस्कार राशि देय होगा।

(ड.). विशेष उपलब्धी या विशेष कारणों से यदि समिति द्वारा अतिरिक्त राशि की अनुशंसा की जाती है, तो अतिरिक्त राशि के रूप में ₹ 2,00,000/– (दो लाख रूपये) मात्र देय होगा।

**(च).** प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को राज्य खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

(11)

8. यह अधिसूचना वित्तीय वर्ष 2021–22 से अर्थात 01 अप्रैल 2022 से प्रवृत मानी जायेगी।

इस संबंध में पूर्व में निर्गत मागदर्शिका को निरस्त किया जाता है।
उक्त पर विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
**(मो0 तारिक इकबाल)**
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक............................/ पटना, दिनांक............................/2023

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशानार्थ हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि राजपत्र के अगले अंक में इसे प्रकाशित कर इसकी 100 मुद्रित प्रत्तियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक........201........./ पटना, दिनांक...17.2........../2023

प्रतिलिपिः– मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार/महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/अपर सचिव/संयुक्त सचिव/निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार/सभी प्रमंडलीय उप निदेशक, शा0शि0/अधीक्षक, शा0शि0/जिला खेल पदाधिकारी/जिला अधीक्षक/उपाधीक्षक, शा0शि0/विभागीय आई.टी. मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।